तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 अमेरा खदान से बड़े पैमाने पर हर रोज हो रही कोयले की चोरी



## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 11 फरवरी को 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

### महाशिवरात्रि पर कोठीपत्थल में महोत्सव 14 से

**राजपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, कोठीपत्थल (ओकरा) में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। ओंकारेश्वर सेवा समिति, ओकरा-राजपुर द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में विकासखण्ड के अलावे क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होते हैं इस वर्ष जिले भर से लोग पहुंचने की संभावना है। महोत्सव की शुरुआत 14 फरवरी सुबह 9 बजे से कलश यात्रा के साथ होगी। इसी दिन दोपहर 1 बजे से 24 घंटे का अखण्ड कीर्तन तथा सम्पूर्ण रामचरित मानस पाठ प्रारंभ होगा। मुख्य पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सायं 7 बजे से रुद्राभिषेक, दोपहर 3 बजे से जगराता, तथा सुबह 7 बजे से अखण्ड भण्डारा का आयोजन किया जायेगा। वहीं 16 फरवरी को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजक ओंकारेश्वर सेवा समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है।

### विधानसभा सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का अष्ठम् सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक आहूत किया गया है। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित-अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि की जानकारी निर्धारित समयावधि में शासन को प्रेषित किये जाने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अपर कलेक्टर आरएस लाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### विधानसभा के दृष्टिगत अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहुत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा उक्त विधानसभा सत्र के सफल संचालन एवं आवश्यक शासकीय कार्यों के निर्वहन को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी होने की तिथि से 20 मार्च तक जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र की अवधि में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय-मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। अत्यावश्यक कार्य अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश पर जाना अथवा मुख्यालय छोड़ना आवश्यक होने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा दी जाएगी तथा जिला स्तरीय अधिकारियों के अवकाश की स्वीकृति कलेक्टर से पूर्व में लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अनुमति प्राप्त किए बिना कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### फर्नीचर, इलेक्ट्रिक ऑटो, स्कूटी दुकान में लगी भीषण आग

# सिलेण्डर फटने से तीन दुकानें जलकर राख 8 दुकानें आई चपेट में, मची अफरातफरी



#### दमकल वाहनों ने लगाए 26 फेरे तब बुझी आग

बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण थी कि दमकल विभाग को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुकान में मौजूद फर्नीचर, फोम, प्लास्टिक के सामानों के साथ ही इलेक्ट्रिक ऑटो, स्कूटी के साथ ही अन्य सामानों के कारण आग ने विकराल रूप लिया। इतनी भीषण आग के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन शोर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। आग लगने के बाद दमकल विभाग की 5 वाहनों से आग बुझाने का काम चल रहा था। इसके साथ ही दरिमा एयरपोर्ट, अडानी, एसईसीएल बिश्रामपुर, सूरजपुर व सरगुजा पुलिस से भी एक-एक गाड़ियां पहुंची। सभी दमकल वाहनों ने लगभग 26 फेरे लगाए जिसके बाद लगभग 6 घंटी की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

मंगलवार की अल सुबह शहर के अम्बेडकर चौक पर स्थित फर्नीचर, ऑटो मोबाइल दुकानों में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते एक साथ आठ दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया आग की लपटें 30 फीट ऊंची उठी। इस दौरान एक गुमटी में रखी दो गैस सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुआ जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम के साथ ही पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चली मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी में सवा करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शहर के अम्बेडकर चौक पर राकेश अग्रवाल की मारुती फर्नीचर के नाम से फर्नीचर एवं इलेक्ट्रोनिक की दुकान संचालित है। इसके साथ ही इसी परिसर में निहारिका ऑटो डील के नाम से ई रिक्सा, ई स्कूटी की दुकान है। लगभग 100 फीट चौड़े क्षेत्र में पार्टीशन कर अलग अलग दुकानों का संचालन किया जा रहा है। सोमवार की रात संचालक दुकानों को बंदकर घर चले गए थे। इस दौरान भोर में लगभग 4.10 बजे घूमने के लिए निकले ⏭शेष 2 पर

#### दुकान में रखा था सिलेंडर ब्लास्ट, गलकर मुड़ गया लोहा

इधर आगजनी को लेकर दमकल विभाग ने किसी भी लापरवाही से इनकार किया है। दमकल विभाग का कहना है कि उन्हें डायल 112 के माध्यम से सुबह 4.51 बजे सूचना मिली थी और 5 मिनट में ही सुबह 4.56 पर पहली दमकल गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी इसके बाद आग बुझाने का क्रम जारी था। दुकान के अन्दर पहले से ही आग भड़क रही थी और आग बहुत पहले से लगी हुई थी। सभी दुकानों में एक साथ आग लगी जबकि शोर्ट सर्किट से आग एक दिशा से फैलनी शुरू होती है। आग इतनी भीषण थी कि सीट के लोहे का एंगल गलकर मुड गया जो आधे घंटे की आग में संभव नहीं है। इसके साथ ही दुकान में दो गैस सिलेंडर थे जो ब्लास्ट हुए। दमकल विभाग का कहना है कि संचालक के पास फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के लिए दमकल से कोई एनओसी नहीं था और ना ही आग बुझाने के उपकरण मौजूद थे। दमकल का कहना है कि इससे पहले भी कई बड़ी घटनाएं हुई है लेकिन लोहा मुड़ने और सिलेंडर ब्लास्ट जैसी बात नहीं हुई थी। यह आग पहले से धधक रही थी।



#### संचालक ने लगाए लापरवाही के आरोप

इस आगजनी में दुकान में रखे फर्नीचर, इलेक्ट्रोनिक सामान, ई रिक्शा, स्कूटी समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गए। इस घटना में संचालक को 1 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना के बाद संचालक राकेश अग्रवाल ने दमकल विभाग व प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। संचालक का कहना है कि उसने 4.10 बजे दमकल को सूचना दी थी और उस समय दुकान में लगभग 20 फीसदी ही नुकसान हुआ था। सूचना के बाद भी दमकल की टीम 45-50 मिनट देर से सुबह 5 बजे पहुंची। इसमें भी एक दमकल वाहन का नोजल काम नहीं कर रहा था। दमकल विभाग की लापरवाही के कारण आग ने विकराल रूप लिया और पूरी दुकानें जलकर खाक हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पूर्व ⏭शेष 2 पर

# फरार चल रहा तत्कालीन जनपद सीईओ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



■ फर्जी बिल लगाकर 30 लाख रुपए से अधिक गबन का मामला, लम्बे समय से चल रहा था फरार

निर्माण कार्यों का फर्जी बिल लगाकर वित्तीय अनियमितता करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। लगभग 30 लाख रुपए के शासकीय गबन के मामले में फरार चल रहे आरोपी तत्कालीन जनपद सीईओ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पूर्व जनपद सीईओ ही हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही थी।

बताया जा रहा है कि जनपद पंचायत वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत तुगंवा, गुहरू, जमई, पेंडारी में मुरम मिट्टी, सडक व सह पुलिया, तटबंध, डब्लूबीएम निर्माण का फर्जी बिल लगाकर वित्तीय वर्ष 2014-15 में शासकीय राशि का का गबन किया गया था। फर्जी बिल के आधार पर हेरफेर कर जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ श्रवण कुमार मरकाम ने मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, सप्लायर सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर 30 लाख रुपए का गबन किया था। जनपद पंचायत में की गई इस वित्तीय अनियमितता का खुलासा होने के बाद मामले में जांच के बाद धारा 467, 468, 420, 409, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में आरोपी अश्विनी कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके बाद पुलिस ने गबन मामले में सप्लायर हरिहर यादव, कुंजलाल साहू व रोजगार सहायक गिरीश यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इसके साथ ही इस मामले में जांच के दौरान एसडीओपी वाड्रफनगर ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए जनपद के कर्मचारियों व सप्लायर से पूछताछ करने के बाद पूरक चालान न्यायालय में पेश किया गया।

इस दौरान आरोपी अश्विनी तिवारी ने पूछताछ में तत्कालीन जनपद सीईओ एसके मरकाम व एक अन्य के साथ मिलकर शासकीय राशि 30 लाख 2 हजार 449 रुपए के गबन की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण में वर्षों से फरार चल रहे तत्कालीन जनपद सीईओ अंबिकापुर के गांधीनगर थाना अंतर्गत महुआपारा शिवमंदिर रोड निवासी 62 वर्षीय श्रवण कुमार मरकाम उर्फ एसके मरकाम आ. स्व.बिकाऊ राम मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि एक अन्य की तलाश जारी है।

# बैंक के सुरक्षा कर्मी से डबल बैरल बंदूक की लूट का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

■ लिफ्ट देने के बहाने दिया वारदात को अंजाम, हथियार बरामद

बैंक के सुरक्षा गार्ड का लाइसेंसी बंदूक लूटने का मामला सामने आया है। सुरक्षाकर्मी को लिफ्ट देने के बहाने से डबल बैरल वाले बंदूक की लूट की गई। इस मामले में पुलिस ने जांच एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट का बंदूक बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के दुलदुला टेडापहाड़ निवासी आमोद कुमार एक्का शहर के प्रतापपुर नाका में किराए के मकान में रहकर पंजाब एंड सिंध बैंक में सुरक्षाकर्मी का काम करता है। 8 फरवरी कि दोपहर 1 बजे सुरक्षाकर्मी अपने पुराने किराए के मकान नवापारा से नए किराए के मकान में सामान शिफ्ट क्र रहा था। सामान शिफ्ट करने के लिए सुरक्षाकर्मी ने सामान ऑटो में लोड करने के साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को भेज दिया। ऑटो में जगह नहीं होने के कारण वह अपने डबल बैरल के लाइसेंसी बंदूक को कंधे पर टांग कर खुद पैदल नए किराए के रूम प्रतापपुर नाका की तरफ जा रहा था। इस दौरान नवापारा कुम्हारपारा ढलान के पास एक व्यक्ति ने पीछे से आकर अमोद कुमार एक्का से पूछा की कहा जाना है और वह पैदल क्यों चल रहा है। बाइक सवार ने अपने बाइक पर बैठाकर सुरक्षाकर्मी को छोड़ने का झांसा दिया। इस दौरान जैसे ही सुरक्षाकर्मी अमोद एक्का बाइक पर बैठने को हुआ तो बाइक चालक सुरक्षाकर्मी से उसकी लाइसेंसी बंदूक लूटकर भाग निकला। सुरक्षाकर्मी ने बाइक सवार का पीछा किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ। ऐसे में सुरक्षाकर्मी ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। डबल बैरल बंदूक की लूट के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी व एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई करने के ⏭शेष 2 पर

# सड़क निर्माण के लिए परिवार ने दान की जमीन, मेयर ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

मंगलवार को शहर के शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत रिंग रोड से महादेव गली पहुंच मार्ग में सीसी रोड का कार्य महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा विधिवत पूजन कर प्रारंभ कराया गया। महादेव नगर काफी आबादी वाला बस्ती है। जिसमें आवागमन हेतु दो गली हैं।

दोनों काफी सकरी गली होने के कारण भारी वाहन, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड व अन्य सुविधा हेतु मोहल्ले वासियों को वर्षों से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। उक्त सड़क निजी जमीन स्व. भीखम त्रिपाठी परिवार की जमीन है। वार्ड पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य व मोहल्ले वासियों के विशेष प्रयास से त्रिपाठी परिवार से आग्रह कर इस जमीन दान करने हेतु सहमत कराया गया एवं पार्षद द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई। इस अवसर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार है एवं आपने जिस विश्वास से जनादेश दिया है, उसपर हम खरे उतरेंगे। विकास के कार्य अब बरसात बीतने के तत्काल बाद शहर में चारों तरफ दिखने लगे हैं। और नगर निगम में जो राशि विगत 10 साल में नहीं मिला उससे अधिक हमने और हमारी विष्णु देव साय सरकार ने केवल 11 महीने शहर के विकास हेतु प्रदान किया है। आपके पार्षद की सक्रियता से इस कार्य के अलावा 2 करोड़ से ऊपर कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। पार्षद जितेंद्र सोनी ने कहा यह सड़क वार्ड की सबसे बड़े मोहल्ले को चौड़े सड़क के माध्यम से महादेव नगर को जोड़ेगी। मोहल्ले वासियों की वर्षों की सबसे बड़ी समस्या का समाधान हेतु अपनी जमीन दान देने वाले त्रिपाठी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह मार्ग त्रिपाठी परिवार के मुखिया स्व. भीखम चन्द मार्ग के नाम से जाना जाएगा। जिसकी स्वीकृति सामान्य सभा में हो चुकी है एवं महापौर का आभार व्यक्त करते हुए ⏭शेष 2 पर

# सरगुजा ओलंपिक ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंचः महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

■ जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ, 12 तक चलेगी स्पर्धा

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेल भावना के विकास के उद्देश्य से गांधी स्टेडियम में मंगलवार की देर शाम जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का भव्य शुभारंभ किया गया।

यह प्रतियोगिता 10 से 12 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों से आए खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर आयोजित सरगुजा ओलंपिक ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ रखता है। महापौर ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक में जिले के सभी सीतापुर, बतौली, लखनपुर, उदयपुर, लूण्ड्रा, मैनपाट और अम्बिकापुर से आए खिलाड़ी शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं ⏭शेष 2 पर

### सीएम ने वर्चुअल रूप से दिया आशीर्वाद

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 260 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

महिला एवं बाल विकास विभागद्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत मंगलवार को पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सामाजिक समरसता, परंपरा और सादगी का अद्भुत संगम बने इस आयोजन में कुल 260 नवविवाहित जोड़ों का विधि-विधान से विवाह सम्पन्न कराया गया।

इस समारोह में गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं सफल



वैवाहिक जीवन की कामना की। यह सामूहिक विवाह समारोह प्रदेश स्तर पर एक साथ आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा था। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा वर्चुअल माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

अम्बिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में भी इस अवसर का सीधा प्रसारण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जेआर प्रधान ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक सरगुजा जिले में 9,890 जोड़ों का विवाह इस योजना के माध्यम से सम्पन्न कराया जा चुका है। मंगलवार को आयोजित समारोह में 260 जोड़ों को वैवाहिक बंधन में बंधने का अवसर मिला।

# रिंग रोड पर बेतरतीब समपार के कारण हो रही दुर्घटनाएं

### कलेक्टर को युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** अम्बिकापुर शहर को चारो ओर से घेरे रिंग रोड के डिवाईडरों में अनियमित समपार और सिग्नल व्यवस्था की बदहाली को लेकर मंगलवार को युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शुभम जायसवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को सौपा गया।



शहर के गोलाई में करीब 11 किमी लंबे सडक पर कई स्थानो पर आवश्यक चौक-चौराहा नहीं होने के बावजूद कई समपार (क्रॉसिंग) मौजूद हैं। ऐसे समपार का उपयोग कर सड़क पार करने का प्रयास करने वाले कई दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। हाल ही में ऐसे ही समपार के माध्यम से सड़क पार करने के प्रयास में नमनाकला में रिंग रोड पर शहर के एक व्यवसायी की मृत्यु हो गई थी। इसके साथ ही साथ रिंग रोड पर मौजूद कई व्यस्त चौराहों पर सिग्नल ⏭शेष 2 पर

## खबर संक्षेप

### समर्पण दिवस का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अटल कुंज भाजपा कार्यालय चैनपुर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों एवं राष्ट्सेवा के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए संगठनात्मक एकता और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना है। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम निर्धारित समय पर प्रारंभ किया जाएगा, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं से समय से पूर्व पहुंचने का आग्रह किया गया है। जिला महामंत्री द्वय द्वारिका जायसवाल एवं आशीष मजूमदार तथा जिला कार्यालय मंत्री रमेश यादव ने कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### जिपं सीईओ बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किए निरीक्षण

**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वीं (अंग्रेजी) के बोर्ड परीक्षा के अनूपपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी द्वारा जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित केन्द्राध्यक्ष से जिला पंचायत की सीईओ ने परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की।

### मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण

**अनूपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण कर मृदा परीक्षण कार्ड, पोर्टल में दर्ज रिपोर्ट, परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान लैब प्रभारी, लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में आवश्यक साफ-सफाई तथा लक्ष्य के अनुसार मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए।

### निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज अनूपपुर का निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनूपपुर नगर में निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रिज के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का भ्रमण करते हुए रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव (फिलिंग) का कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री पंचोली ने ब्रिज के दोनों ओर अलग-अलग टीमों के माध्यम से शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्माण स्थल पर पड़ी अनावश्यक सामग्री को हटाकर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए।

### पंचायतों में वित्तीय अनियमितताः पंच संघ ने 8 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**सोनहत।** खंड मुख्यालय सोनहत में 9 फरवरी को विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सैकड़ों पंचों ने पंचायतों में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में आवाज बुलंद की। पंच संघ के अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी के नेतृत्व में पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पंच संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस के भीतर मांगों का उचित निराकरण नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पंचायतों में पंचों की जानकारी एवं हस्ताक्षर के बिना फर्जी तरीके से राशि आहरण किए जाने, कई पंचायतों में लंबे समय तक ताला लटका रहने, मूलभूत मद की राशि में भारी गड़बड़ी कर आहरण करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं, इसके साथ ही बैकुंठपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक में संचालित विभिन्न पंचायत खातों को सोनहत स्थित बैंक में स्थानांतरित करने की मांग भी की गई है।

### इंदिरा पार्क खोने लगा अपनी खूबसूरती

# इंदिरा पार्क बदहालः वन्यजीवों की मूर्तियां क्षतिग्रस्त







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के गेज नदी तट पर स्थित इंदिरा पार्क अब अपनी खुबसूरती खोते जा रहा है, यदि समय रहते पार्क को फिर से संवारने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जाता है तो आने वाले कुछ समय में इंदिरा पार्क की खूबसूरती और ज्यादा बिगड़ जाएगी और लोगों का आना-जाना भी कम होने लगेगा।

जानकारी के अनुसार इंदिरा पार्क में विभिन्न तरह के पशुओं का स्टेचू बनाई गई थी, जो देख-देख के अभाव में टूटने लगे है। किसी जानवरी का पूरा सिर टूट गया है तो किसी का पैर ही टूट गया है, इसके चलते जानवरो की शक्ल पूरी तरह से बिगड़ गई है। पार्क में विभिन्न पशुओं के स्टेचू को आश्चर्य से बच्चे निहारते थे और खेलते थे, लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। पार्क में बनाए गए कई पशुओं के स्टेचू बदहाल हो गई है। स्थानीय एक अभिभावक ने कहा कि पहले हम अपने बच्चों को लेकर पार्क में विभिन्न तरह के जानवरों को दिखाने के लिए ले जाते थे, लेकिन पार्क में बनाए गए कई तरह के जानवरों के ढॉचे टूट-फूट गए हैं, इससे पार्क की रौनक पर भी प्रभाव पड़ा है। ऐसे में पार्क के देख-रेख के लिए जिम्मेदार नगर पालिका को समय रहते उचित कार्रवाई कर पार्क की रौनक को लौटाने की जरूरत है।

#### खरपतवार की छंटाई नहीं

इंदिरा पार्ककी ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण इंदिरा पार्क में बडे-बडे घास हो गई है, जिसकी कटाई छंटाई नहीं किए जाने के कारण उग आए खरपतवार पार्क की सुंदरता पर ग्रहण लगा रहे हैं। यदि पार्क में उग आए खरपतवार की छंटाई कर दी जाती है तो पार्क की सुंदरता फिर से निखर जाएगी।

#### अहाता टूटा गंदा पानी पार्क में

शहर का प्रमुख इंदिरा पार्क एसईसीएल कॉलोनी के ठीक बगल में है। कुछ दिनों पूर्व एसईसीएल कॉलोनी का अहाता का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया है, इससे कॉलोनी का गंदा पानी इंदिरा पार्क में पहुंच रहा है, इससे पार्क में घूमने फिरने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### ओपन जिम के सामान भी टूट रहे

इंदिरा पार्क में ओपन जिम भी स्थापित है। पार्क के बीच में विभिन्न तरह के व्यायाम के सामग्री स्थापित किए गए हैं वह भी देख-रेख के अभाव में टूट फूट गए है, इसके चलते पार्क में आने-वाले लोगों को जिम सामग्री का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। शुरूआती दौर में इंदिरा पार्क में लगे ओपन जिम की स्थिति ठीक रही तो बड़ी संख्या में सुबह के अलावा शाम के समय लोगों के द्वारा व्यायाम सामग्री का उपयोग करते थे। नपा को इंदिरा पार्क की बदहाल स्थिति को ठीक करने की आवश्यकता है।



## 20 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

पुलिस अधीक्षक जिला एमसीबी के निर्देशानुसार जिलेभर में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान एवं प्रभावी कार्रवाई के परिपालन में पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की है, इसके साथ ही शराब बनाने वाले भट्टी को ध्वस्त कर उपयोग में ले जाने वाले बर्तन को भी जब्त किया है।

थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन पर विशेष टीम बनाकर बीते दिनों बरतुंगा परासपानी निवासी प्रशांत नाहक उम्र करीब 38 वर्ष जो अपने साथी पिंटू उर्फ तेजराम यादव निवासी महुआरीपारा बरतूंगा के साथ मिलकर अवैध कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने के लिए बरतुंगा की ओर परिवहन कर रहा था, जिसे दबिश देकर पकड़ा गया, साथ ही उसके साथी एवं मुख्य आरोपी पिंटू उर्फ तेजराम यादव पुलिस को देखकर भाग गया। मौके पर प्रशांत नाहक के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक के झोले से 20 प्लास्टिक के पन्नी में अलग-अलग एक-एक लीटर कुल 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

वहीं अन्य फरार आरोपी पिंटू उर्फ तेजराम यादव की पताशाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, अशोक एक्का, संतोष साहू आरक्षक चंद्रसेन राजपूत ,मदन राजवाड़े, हाफिज कुरैशी सहित चालक आरक्षक रघु सिंह शामिल रहे।

## कलश यात्रा के साथ हनुमान महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि 10 फरवरी से शहर के प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण में संकट मोचन श्री हनुमान महायज्ञ का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे शिव मंदिर प्रांगण प्रेमाबाग बैकुंठपुर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्ग से भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर आकर समाप्त हुई।

सात दिवसीय संकट मोचन हनुमान महायज्ञ का आयोजन देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया है, जो आगामी 16 फरवरी तक चलेगा। जानकारी के अनुसार आयोजित महायज्ञ में यज्ञकर्ता आचार्य श्री विक्रम दुबे महाराज द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। संकट मोचन हनुमान महायज्ञ का शुभारंभ 10 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ ,इसके दूसरे दिन 11 फरवरी को पंचांग पूजन मंडप प्रवेश, 12 फरवरी को मंडप पूजन वेदी पूजन श्री हनुमान पूजन व हवन प्रारंभ होगा। 13 फरवरी को मंडप आवाहित देवता पूजन व पुष्प सहस्त्रार्चन, 14 फरवरी को मंडप पूजन एवं रक्त चंदन सहस्त्रार्चन, 15 फरवरी को महारूद्राभिषेक एवं ग्रह निवारण पूजा तथा 16 को हवन पूर्णाहूति के साथ विर्सजन विदाई कार्यक्रम संपन्न होगा , इसके साथ ही यज्ञ स्थल पर विशाल भंडारा आयोजित की जाएगी।

### बारिश के बाद बढ़ी कड़ाके की ठंड

**सोनहत।** खंड स्तर पर बीते दो दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आमजन को खासा परेशान कर दिया है। शाम होते ही ठंड का असर बढ़ जाता है, जो पूरी रात भर जारी रहता है। बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट से ठिठुरन और अधिक महसूस की जा रही है। जानकारी के अनुसार नदी और तालाब किनारे बसे ग्राम तंजरा, बसवाही, अमहर, रामगढ़, सिंघोर सहित आसपास के अन्य गांवों में ठंड का प्रकोप ज्यादा देखा जा रहा है। शाम से देर रात तक सर्द हवाओं के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण स्तर पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। वहीं बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हालिया बारिश के कारण क्षेत्र में ठंड का असर अचानक बढ़ गया है। प्रशासन से भी मांग की जा रही है कि इन इलाकों में अलाव और अन्य राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की बैठक

■ अवैध गतिविधियों पर सख्ती के दिए निर्देश

**डोमनहिल।** क्षेत्र में अमन चैन की स्थापना एवं अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह हल्दीबाड़ी के आशीर्वाद क्लब में स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।





बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना तथा व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सुनना रहा। बैठक स्थल पर पहुंचने पर व्यापारियों द्वारा एसपी श्रीमती सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। व्यापारिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक चर्चा की। बैठक के दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी बात रखी। बैठक में चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह की कार्यशैली और सक्रिय पुलिसिंग की सराहना भी की गई। व्यापारियों ने बताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण बेहतर हुआ है और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बढ़ा है। एसपी श्रीमती सिंह ने बैठक में कही कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के अवैध कारोबार, जुआ और सट्टा जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। व्यापारियों को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण की दिशा में समाज को आगे बढ़कर कार्य किया जाना चाहिए, अपराध नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के सामने सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाए तथा चौक-चौराहे पर कैमरा लगाने के लिए सहयोग करें, इससे अपराध गठित होने पर पुलिस को जांच करने में सफलता मिलेगी तथा अपराधी सीसीटीवी कैमरा में आने से पहले अपराध करने से हिचकेंगे, जिससे अपराध में कमी आएगी। इस दौरान पुलिस कप्तान के नेतृत्व में पुलिस बल ने हल्दीबाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां की पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाजार क्षेत्र में यातायात सुचारू रखने और जाम की स्थिति से बचाव के लिए बेहतर पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरे से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह देखा गया।

## सिरपुर महोत्सव में जसमीत सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** छग के प्रसिद्ध तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में मनेन्द्रगढ़ की बेटी एवं लोकप्रिय जस गीत गायिका व छग रत्न सम्मान से सम्मानित जसमीत कौर ने महोत्सव के दूसरे दिन अपने सुमधुर जसगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर मंच को भक्तिमय कर दिया।

सिरपुर महोत्सव में बॉलीवुड एवं छग के अनेक प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया गया था। इसी क्रम में जसमीत कौर की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम के पश्चात जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने जसमीत कौर की कला की सराहना की। विधायक राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय लहंगे सहित उपस्थित अतिथियों ने उनके भजनों को सुनकर आशीर्वाद प्रदान किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि बहुत कम उम्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली जसमीत कौर अब तक अनेक पुरस्कार एवं सम्मान अपने नाम कर चुकी हैं। एमसीबी जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि मनेन्द्रगढ़ की बेटी लगातार प्रदेश एवं देश स्तर पर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जिले और छग का नाम रोशन कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने इसे छोटे शहर से निकलकर बड़ी पहचान बनाने वाली कलाकार की उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी जसमीत कौर को एमसीबी जिले की जनता की ओर से बधाई दी।




स्वास्थ्य मंत्री के हाथों सम्मानित होती जसमीत।

### कलेक्टर ने 70 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 70 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय में मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में वार्षिकोत्सव, लोकरंग एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्रीमती वंदना राजवाड़े उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रविकुमार कुर्रे ने की। विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर श्रीमती नविता शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं राष्टगीत के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन एवं वार्षिक प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। स्वागत गीत की प्रस्तुति पूजा पंकज द्वारा दी गई। प्रथम चरण में सत्र 2024-25 के दौरान विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभावान विद्यार्थी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्षभर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सामाजिक प्रतियोगिताओं अंतरराष्टीय साक्षरता दिवस, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, विश्व एड्स दिवस, हिंदी दिवस, स्वीप कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता, रजत जयंती एवं सेमिनार आदि के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, गोला फेंक, लंबी कूद, कबड्डी महिला-पुरूष एवं परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों में फुटबॉल में अगस्त राजवाड़े तथा टेबल टेनिस महिला एवं पुरूष में नीतू राजवाड़े एवं प्रांजल शर्मा को उत्कृष्ट खिलाड़ी 2025 के सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ. महेश मिश्रा को गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा में सराहनीय सेवा के लिए राष्टपति पदक प्राप्त होने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने छात्रों को राष्ट निर्माण में शिक्षा की भूमिका बताते हुए प्रेरित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि वे स्वयं इसी महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और आज शिक्षा सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्रों से मेहनत, संघर्ष और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक रविकुमार कुर्रे ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी का साधन नहीं, बल्कि संस्कारवान नागरिक बनाने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं को इंटरनेट के दुष्प्रभाव से बचने, मानवता, दया और पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान देने की अपील की। द्वितीय चरण में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा पंकज द्वारा मोर छत्तीसगढ़ी महतारी गीत से हुई।



सम्मानित करते अतिथि।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सिलेण्डर फटने से ...

व्यक्ति ने दुकान में आग लगी देखकर दुकान के बोर्ड पर लिखे नम्बर पर फोन कर संचालक को इसकी सूचना दी। दुकान में आग लगने की सूचना संचालक राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल ने दमकल, डायल 112 को दी और खुद मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद 5 बजे दमकल की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। इधर घटना की सूचना मिलने एसपी, एएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। बड़ी बात यह है कि दमकल की टीम के घटना स्थल पर पहुंचने से पहले आग ने विकराल रूप ले लिया था। दुकान में लगी आग उस समय और भी विकराल हो गई जब पास में मौजूद गुमटी के संचालक के दो गैस सिलेंडर एक-एक करके फटे। तेज धमाके के साथ सिलेंडर ब्लास्ट होने से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। ऐसे में दमकल टीम को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### संचालक ने लगाए...

उनके फर्नीचर गोदाम में भी आग लगी थी उस दौरान भी दमकल की लापरवाही के कारण नुकसान हुआ। संचालक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि दमकल विभाग और प्रशासन की लापरवाही के कारण इतनी बड़ी घटना हुई।

### बैंक के सुरक्षा ...

निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में साइबर सेल, कोतवाली और गांधीनगर पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने जशपुर के कांसाबेल से एक बगीचा महादेवडांड हाल मुकाम गोधनपुर निवासी 45 वर्षीय जयपाल लकडा आ. स्व. चमरू लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पाना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया बंदूक बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 309(4) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि वीरेंद्र कुजूर, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सूरज राय, आरक्षक अतुल सिंह, नितिन सिन्हा, मनीष सिंह, सुल्तान अहमद, गीता प्रसाद, आनंद प्रकाश केरकेट्टा, उमेश गुप्ता, जयनाथ भगत, हरिनाम सिंह सक्रिय रहे।

### सड़क निर्माण के ...

कहा मेरी वार्ड संबंधित मांग को को पूरा करते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल एवं राज्य सरकार वार्ड विकास हेतु करोड़ों की राशि स्वीकृत कराई। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य मनीष सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डीके पुरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### सरगुजा ओलंपिक ...


तथा 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कुल 12 विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें एथलेटिक्स सहित अन्य प्रमुख खेल शामिल हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पार्षद आलोक दुबे, शैलेश कुमार सिंह, रविकांत उरांव, एसएसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### रिंग रोड पर बेतरतीब ...

की व्यवस्था नहीं होने के कारण दुर्घटना एवं जाम की स्थिति बन रही है। कन्या महाविद्यालय से गंगापुर जाने वाले मार्ग पर रिंगरोड में स्थित चौक, कब्रिस्तान मार्ग से नमनाकला जाने वाला चौक ऐसे स्थानों में शामिल है जहां सिग्नल के अभाव में आये दिन दुर्घटना हो रही है। वहीं बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, मां महामाया मंदिर चौक, चांदनी चौक जैसे जगहों पर सिग्नल की व्यवस्था होने के बावजूद सिग्नल लंबे समय से कार्य नहीं करने के कारण जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। यही स्थिति शहर के अंदर अग्रसेन चौक, ब्रम्ह चौक, संगम चौक और महामाया चौक पर भी बनी रहती है। इन्हीं समस्याओं को लेकर सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान शांतनु मुखर्जी, मो. हसन, मेराज रंगरेज, जीवन यादव, आशीष वर्मा, अविनाश कुमार, विकास केशरी, मिथुन सिंह, अमित वर्मा, शिवांशु गुप्ता, राहुल सोनी, शिफ्तैन रजा, ज्ञान तिवारी, अतुल ताम्रकार, समीर गुप्ता, वंश झा, अंकुश साहू, अरशद, इस्लाम आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि को लेकर हुई नगर वासियों की बैठक



**रामानुजगंज।** नगर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्राचीन शिव मंदिर परिसर में नगर वासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिव भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम एवं भव्यता के साथ मनाए जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यों का विभाजन किया गया, ताकि सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। चर्चा के दौरान विशेष रूप से प्राचीन शिव मंदिर परिसर में लगने वाले महाशिवरात्रि मेले को व्यवस्थित स्वरूप देने, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही परंपरागत रूप से निकलने वाली शिव बारात, भंडारे के आयोजन तथा महामाया मंदिर में संपन्न होने वाले पानी ग्रह संस्कार को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि नगर की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा उत्सव है, जिसे पूरे नगर वासियों के सहयोग से भव्य रूप दिया जाना चाहिए। अंत में यह निर्णय लिया गया कि सभी नागरिक, सामाजिक संगठन एवं स्वयंसेवक मिलकर महाशिवरात्रि पर्व को श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ मनाएंगे। बैठक में महेश अग्रवाल, उदय गुप्ता, श्याम कुशल पांडे, विनय पांडे, अर्जुन दास, अजीत गुप्ता, बहादुर सिंह, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, सुमित गुप्ता, ओमप्रकाश ठाकुर, मनी पासवान, विकास केसरी, अविनाश चंद्रवंशी, कृष्णा पासवान, विनोद केसरी, प्रेमचंद गुप्ता, विकास दुबे एवं अन्य उपस्थित रहे।

### आसपास क्षेत्र में खपाते हैं चोरी का कोयला

# अमेरा खदान से बड़े पैमाने पर हर रोज हो रही कोयले की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**

- रोकने पर करते है सुरक्षा कर्मियों पर हमला

अमेरा खदान से कोयला चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह है कि कोयला चोरी की घटना रात के बचाये दिन दहाड़े दे रहे है। कोयला चोरी करने वाले लोगों के हौसले इस कदर बढ़ गए है कोयला चोरी करने वाले लोग सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने से बाज नहीं आते। इधर कोयला चोरी करने का वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण कोयला चोरी कर ले जाते नजर आ रहे है।



चोरी का कोयला ले जाते ग्रामीण

जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीईसीएल अमेरा खदान से बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में ग्रामीण क्षेत्र के महिला, पुरुष और बच्चे खदान में घुसकर कोयला चोरी कर रहे हैं। रोजाना सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कोयला चोरी करने खदान में पहुंच रहे हैं। ऐसे में कोयला चोरी करने से रोक रहे खदान कर्मियों पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया जाता है। यही नहीं इन कोयला को बाइक के माध्यम से ईट भट्ठों में सप्लाई किया जा रहा है। खदान से प्रतिदिन कई टन कोयला चोरी करने से सरकार को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है प्रतिदिन कोयला की चोरी हो रही है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन या प्रशासन अब तक अमेरा खदान से कोयला चोरी पर अंकुश लगाने कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है जिससे कोयला चोरी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है। हालांकि कोयला चोरी को लेकर पूर्व में पुलिस द्वारा कई ग्रामीणों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है परंतु कोयला चोरी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

#### ग्रामीण समूह में पहुंचते है खदान

प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों का समूह अमेरा खदान में घुसकर कोयला चोरी कर रहे हैं। कोयला चोरी रोकने एसईसीएल प्रबंधन नाकाम नजर आ रहा है। ग्रामीणों के समूह द्वारा प्रतिदिन कई टन कोयले की चोरी कर ले जाते है और ईंट भट्टों में सप्लाई करते है। इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा घरों में बड़ी मात्रा में कोयला संग्रहित करके रखा गया है। जिसे चार पहिया सहित बड़े वाहनों के माध्यम से सप्लाई किया जाता है।

#### पुलिस की ली जा रही मदद

ग्रामीणों द्वारा दादागिरी कर खदान के अंदर घुसकर कोयला चोरी किया जा रहा है। कोयला चोरी करने से रोकने पर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया जाता है। कोयला चोरी पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक से चर्चा की गई उनके द्वारा कार्रवाई को लेकर आश्वासन दिया गया है। स्थानीय पुलिस की मदद ली जा रही है लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं है।

**-डॉ. संजय सिंह**
विश्रामपुर एसईसीएल महाप्रबंधक

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 250 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की वर्चुअल उपस्थिति एवं पूर्व गृह मंत्री एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा के मुख्य आतिथ्य में आज जिले में हिंदू, मुस्लिम एवं ईसाई समाज के 250 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल, सुखमय एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि पहले माता-पिता को बच्चों की शादी को लेकर भारी आर्थिक चिंता रहती थी, कई बार उन्हें जमीन बेचनी या ऋण लेना पड़ता था, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से शासन द्वारा 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता और विवाह का संपूर्ण आयोजन किया जा रहा है, जिससे गरीब और कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से उपस्थित महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि शासन राज्य के कमजोर परिवारों की बेटियों की जिम्मेदारी उठा रहा है ताकि उनके माता पिता को उनकी शादी को लेकर कोई चिंता न रहे। उन्होंने कहा कि विवाह के बाद नव दंपत्तियों की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, इसलिए उन्हें शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर खुशहाल जीवन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि रामसेवक पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक अत्यंत सराहनीय और संवेदनशील योजना है, जो गरीब परिवारों को उचित आयु में सम्मानजनक विवाह का अवसर प्रदान कर रही है। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। शासन एवं जिला प्रशासन के इस सामूहिक प्रयास से माता-पिता अपने बच्चों का विवाह सम्मान पूर्वक संपन्न कर पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन राज्यभर में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। पूरे प्रदेश में 6412 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस ऐतिहासिक आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती संत सिंह, कलेक्टर एस जयवर्धन, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले एवं अन्य उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक कर बाल विवाह मुक्ति पर दिया गया संदेश



सूरजपुर। राज्य स्तर से संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत आज जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ एवं एग्रिकोन फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य से नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। अग्रसेन भवन व रेवती रमन कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। नुक्कड़ नाटक के साथ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की भी विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। नाटक के माध्यम से लोगों को बाल विवाह न करने का संदेश दिया गया तथा बताया गया कि लड़की की विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दंड के प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।

## अंशु बने कांग्रेस जिला सचिव



**ओड़गी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से जिला अध्यक्ष शशि सिंह द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है जिसमें ओडगी से अंशु पांडेय को जिला सचिव पद की जवाबदारी दी गई है। अंशु ने कहा की जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करने का प्रयास करूंगा। अंशु के जिला सचिव बनने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## कलश यात्रा के साथ शिव गौरी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम धरमपुर में नवनिर्मित शिव गौरी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कलश यात्रा से प्रारंभ होकर 15 फरवरी शिवरात्रि पूजन हवन और महा भंडारे के साथ संपन्न होगा। इस दौरान शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। सभी कार्यक्रम वृंदावन से आए आनंद महाराज द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

ग्राम धरमपुर में श्री गौरी शंकर सेवा समिति द्वारा सार्वजनिक सहयोग से शिव गौरी के भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसके प्राण प्रतिष्ठा के साथ शिव महापुराण कथा का कार्यक्रम का आयोजन 9 से 15 फरवरी तक होना है। आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान गौरी शिव के जयघोष से गूंज उठा, मंडप प्रवेश और प्रथम गणेश पूजन, देव अधिवास के साथ आज प्राण प्रतिष्ठा किया गया। 14 फरवरी को महारुद्राभिषेक, 15 फरवरी को शिवरात्रि पूजन, हवन और महा भंडारा किया जाएगा। पूजन कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में कथावाचक वृंदावन के आनंद महाराज, कृपालनाथ महाराज, यज्ञाचार्य वाराणसी के अंकित तिवारी, अखिलेश शास्त्री, विपुल महाराज, अभिषेक दुबे, पुष्पक तिवारी द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

**FOR CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **HEERA TOPPO** (Service Document), father of Birendra Toppo, presently residing at Vill – Ghorgadi, PO – Sewari, Teh – Rajpur, Distt - Balrampur, State - Chhattisgarh, PIN - 497118, hereby declare that I have changed my name and date of birth from HEERA TOPPO, DOB 05 March 1952 to HEERA, DOB 01 January 1953, vide Affidavit dated 09 February 2026, executed at Rajpur Court, Chhattisgarh State.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै राजकुमार सारथी आ.मोहन सारथी उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम हरिजनपारा भिट्ठीखुर्द थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग मै शपथ पूर्वक कथन करता हू कि मेरे पुत्र शोभित सारथी का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या 02 जारी दिनांक 01/12/2025 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम शोभित दर्ज है जो सत्य एवं सही है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरा पुत्र शोभित सारथी (SHOBHIT SARTHI) के आधार कार्ड क्रमांक 8671 8428 1050 में मेरा नाम त्रुटिशव छोटू घसिया (CHHOTU GHASIYA) दर्ज करा दिया गया है। जो गलत है जिसे वर्तमान में उक्त नाम को परिवर्तित करवाना चाहते है।

मेरे पुत्र का नाम परिवर्तित कर शोभित सारथी (SHOBHIT SARTHI) रखा गया है एवं ये नाम सत्य व सही है। जबकि उक्त दोनो नाम का एक ही पुत्र/पुरूष मेरा पुत्र शोभित सारथी ही है। जिसे मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 8671 8428 1050 में मेरा नाम हिन्दी एवं अंग्रेजी में सुधार कर शोभित सारथी (SHOBHIT SARTHI) दर्ज किया जावें जिसमें मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम सुधार करने हेतु आवेदन पत्र के समर्थन में यह स्वयं का शपथ पत्र अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

भवदीय
राजकुमार सारथी
आ.मोहन सारथी
निवासी - ग्राम हरिजनपारा भिट्ठीखुर्द थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

**समक्ष :- सप्तम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा छ.ग.**

**//ईश्तहार//**

प्रो.नं. 62/26 मो.दु.दावा प्र.क्र. :-265/2024
पंचराम विश्वकर्मा
प्रति
जयप्रकाश वगै.

राजा पटेल आत्मज रविन्द्र पटेल, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी ग्राम – रमकोला, थाना – रमकोला, जिला – सूरजपुर छ.ग. दिनांक – 27.12.2023 को शाम में करीब 06:00, 7.00 बजे चार पहिया वाहन क्र.- CG-14 0700 से दुर्घटना होने से पंचराम विश्वकर्मा की आई चोटो के कारण उक्त दुर्घटना में आई चोटो की क्षतिपूर्ति हेतु आवेदक पंचराम विश्वकर्मा के द्वारा धारा -166 मो.यान अधिनियम के तहत राशि क्षतिपूर्ति दिलाये जाने हेतु आपके खिलाफ दावा पेश किया गया है, जिसमें आगामी सुनवाई 12/02/2026 नियत है। अतः आप अनावेदक राजा पटेल को इस इश्तेहार प्रकाशन के माध्यम से इस बारे में सूचना दी जा रही है, कि आप इस मामले में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत किये गये अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/02/2026 को इस मोटर दावा अधिकरण के समक्ष समय प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे व जवाब पेश करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उक्त दिनांक पर समय पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर नही होते है, तो आपकी गैर हाजिरी में इस मुकदमें अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जाते है, तो आगामी कार्य दिवस पर मामले की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09/02/26 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।

महेश कुमार राज
न्यायाधीश
अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायलय नायब तहसीलदार रघुनाथपुर जिला – सरगुजा (छ.ग.)**
राजस्व प्र.क्र.//ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम बुलंगा को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगजीवन आ.स्व.रामदुलार उम्र 32 वर्ष जाति चमार निवासी ग्राम बुलंगा, तहसील लुण्ड्रा, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने बुआ स्व.सोनामती का मृत्यु दिनांक 10/06/2008 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, स्वयं का शपथपत्र, आवेदन पत्र संलग्न किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उक्त कार्यवाही से किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आक्षेप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 11/02/2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील रघुनाथपुर
जिला – सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**
लखनपुर दिनांक 27.01.2026 अ-21/प.ह.न.-11

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को ग्राम पंचायत अंधला, ग्राम अंधला को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलाल आ.स्व.गंगा, निवासी ग्राम अंधला, थाना व तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम अंधला स्थित भूमि खसरा नं.- 1881/2 रकबा 0.227 हे. भूमि में से रकबा 0.1135 हे. भूमि को अनावेदक जलसाय राम आ.स्व.भउआ राम निवासी ग्राम अंधला, तहसील लखनपुर जिला सरगुजा के पास विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर जिला सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिस संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 16/02/2026 के पूर्व इस न्यायालय में अपना दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
लखनपुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/ 1935 /वाचक-2/2025 सूरजपुर दिनांक 09/02/2026

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम /नगर केतका प.ह.नं. तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक कलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व.सुखनन्दन जाति हरिजन निवासी ग्राम अगस्तपुर पोस्ट कृष्णपुर थाना सूरजपुर तहसील रामानुजनगर जिला – सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने मां अंजू सोनवानी पिता/पति सुखनन्दन मृत्यु तिथि 20/05/2025 स्थान केतका (जगण) के जन्म/मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दवा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 24/02/2026 दिन मंगलवार को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तह.मानी, तहसील सूरजपुर
जिला – सूरजपुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से 3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो: इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा: कम प्रतीक्षा समय, सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट, जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल, बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए: सोनोग्राफी, डिजिटल एक्स-रे, कलर डाप्लर, एंडोस्कोपी स्केन, 2D ईको, ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com, BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल Apollo Hospitals Bilaspur
(हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन), एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग)
दिनांक - 15 फरवरी 2026, रविवार समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
हृदय संबंधित रोग के लक्षण: सीने में दर्द एवं जकड़न, सांस लेने में तकलीफ, चलने में थकान लगना, चक्कर व बेहोशी, पैरों में सूजन, बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
MRM हॉस्पिटल में भी उपलब्ध रहेंगें।
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
07774-319760, 8602490055, 7777879370

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी स्पाइन और ब्रेन सर्जन हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 22 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी M.ch, MS, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 फरवरी, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 फरवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द, नसों का रोग, त्वचा एवं बालों का रोग, स्त्री रोग, मानसिक रोग, मूत्र संबंधी रोग, मधुमेह (डायबिटीज़), नेत्र रोग, किडनी संबंधी रोग, पेट संबंधी विकार, थायराइड, अस्थमा, मोटापा, मांसपेशी का रोग, मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने, बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य जनरल फिजिशियन
डॉ. रिषभ गुप्ता किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. समीर श्रीवास्तव हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. मीना राव आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. राहूल शामकांत जाधव एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. आयुशी गुप्ता न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. संदीप टी साइक्रीट्रिक्स मनोरोग विशेषज्ञ
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9826183780, 8224007799, 9425583780, 9406183780, 8224007766, 8224007755, 9406183780, 8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को पिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 10 से 25 फरवरी तक 2 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु दवा का सेवन कराया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पतरापाली में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण एवं सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ दवा का सेवन किया। बच्चों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करने हेतु विद्यालय के शिक्षकों ने पहले स्वयं दवा का सेवन किया, जिसके बाद विद्यार्थियों ने बिना किसी भय और संकोच के दवा ली। इस अवसर पर शिक्षक योगेश साहू ने विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी और बताया कि नियमित दवा सेवन से इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। इस दौरान प्रधानपाठक केके यादव, शिक्षक महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, स्वास्थ्य विभाग से एमटी. लालमुनी सिंह, मितानिन सरोज पटेल, सोनिया सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने छात्र कौशल प्रतियोगिता का किया आगाज



**सूरजपुर।** देश के महापुरुषों की याद में एक कदम छात्रों के कौशल विकास की ओर की सोच को लेकर एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र कौशल प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन के लिए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने अपनी टीम के साथ शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, वेटनरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, आईटीआई महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में जाकर छात्रों को प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान अफरोज अंसारी, प्रदेश सचिव लिवनेश सिंह, यशवंत सिंह, मनोज सिंह, ललित सिंह, सोमू खान, निलेश एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पलंग से गिरने पर गंभीर मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** पलंग से गिरने से गंभीर हुए मासूम की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम महोरा निवासी जितेन्द्र सूर्यवंशी के 9 माह के पुत्र सूर्या सूर्यवंशी को परिजन 8 फरवरी को पलंग पर सुलाकर काम कर रहे थे। इसी दौरान मासूम अचानक पलंग से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप घायल हो गया। परिजन मासूम को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### रिटायर्ड पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय तथा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। जिला संयोजक कमलेश सोनी ने दोनों पदाधिकारियों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं उनके योगदान की प्रशंसा की। अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान डॉ.सीके मिश्रा, डॉ.अजय अग्रवाल, अनिल वर्मा, दुर्गेश सिन्हा, एमएस आजाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**जरूरत के अनुसार पानी उपलब्ध नहीं कभी भी निर्मित हो सकती है संकट**

**90 फीट गहरे ट्यूबवेल के सहारे चल रही व्यवस्था**

# राशि लेने के बाद पीएचई के अधिकारी भूले विवि के भकुरा परिसर में जलागार बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर



**की जा रही है पहल**

भकुरा परिसर में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है तथा कभी भी संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। शासन की जल आवर्धन योजना के माध्यम से पानी आपूर्ति करने की पहल की जा रही है। स्वयं सेवको के माध्यम से परिसर की खाई में कच्चा बांध बनाने की दिशा में भी पहल की जा रही है।
-डॉ.एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू

स्थापना के 17 साल बाद भी संत गहिरा गुरू विवि को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है। जनप्रतिनिधियों से वर्षों गुहार लगाने के बाद भी जब स्थिति नहीं बदली तो अधिकारी जैसे-तैसे भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का संचालन कर रहे हैं। अन्य भवनों एवं आवासीय परिसर को भी आबाद करने की तैयारियां चल रही हैं लेकिन परिसर में पर्याप्त पानी की अनुपलब्धता बड़ी चुनौती बनी हुई है।

एसजीजीयू के भकुरा परिसर में अभी तक प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकारी अपनी इच्छाशक्ति से जैसे-तैसे प्रशासनिक कार्यालय का संचालन कर रहे हैं। विवि प्रबंधन द्वारा बेहद विपरीत परिस्थितियों में संचालित यूटीडी के विभागों को भी आगामी महीने से भकुरा परिसर में संचालित करने की तैयारियां की जा रही है। सूनसान परिसर के आवासीय भवन में कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी लम्बे समय से निवासरत हैं। कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले भी आवासीय भवन का अधूरा कार्य पूरा होने के बाद परिसर में ही निवास करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों की इस पहल से विवि परिसर को आकार देने सहूलियत होगी लेकिन पेयजल की उपलब्धता अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

शासन द्वारा लोनिवि को भवन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने वर्ष 2016 में राशि उपलब्ध कराई गई थी। लोनिवि ने जलागार निर्माण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वीकृत राशि 1.20 करोड़ में से 25 लाख रूपए प्रदान की थी। भवन निर्माण के लिए पीएचई ने परिसर के अलग-अलग स्थानों पर 25 से अधिक ट्यूबवेल का खनन कराया लेकिन 4 स्थानों पर ही पानी निकला। 90 फीट गहरे 4 ट्यूबवेल से अब तक के निर्माण पूरे किए गए। अभी भी इन्ही संयंत्रों से पेयजल सहित अन्य जरूरतें पूरी की जा रही है। परिसर के पहाड़ी इलाके के भूगर्भ में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण कभी भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। उपलब्ध पानी को भी अपर्याप्त बताया जा रहा है। जलागार की जरूरत महसूस करने के बाद अधिकारी विभाग से पत्राचार भी कर रहे हैं लेकिन अभी तक इस बड़ी समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण गर्मी के मौसम में अधिकारी-कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विवि के पास राशि भी उपलब्ध नहीं है जिससे जलागार का निर्माण कराया जा सकते।

### पानी के लिए लम्बा सफर

पहाड़ी पर स्थित विवि के भकुरा परिसर में समतल भूमि की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय एवं आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है। जहां पानी उपलब्ध है वहां से अन्य भवनों की दूरी अधिक होने के कारण कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को लम्बा सफर तय करना पड़ता है। इस समस्या के निराकरण के लिए हरेक भवन में पानी की उपलब्धता को आवश्यक माना जा रहा हैं जो बिना जलागार बने संभव नहीं है।

### पहाड़ी के नीचे चार खाइयां

भकुरा परिसर में पहाड़ी से घिरी चार खतरनाक खाइयां हैं। इस खाई में प्राकृतिक जल स्त्रोत भी है। गहरी खाइयों के किनारे कच्चा-पक्का बांध बनाकर बरसात के पानी को जमाकर जल समस्या का निराकरण किया जा सकता है। विवि के अधिकारी भी इस संबंध में लम्बे समय से विचार कर रहे हैं लेकिन राशि के अभाव में काम आगे नहीं बढ़ रहा है। विवि प्रबंधन ने परिसर में रासेयो का विशेष शिविर आयोजित करने एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से कच्चा बांध बनवाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत भकुरा में जल आवर्धन योजना के तहत घर-घर पानी की आपूर्ति की जा रही है। अधिकारी इसी योजना के तहत विवि परिसर में भी पानी उपलब्ध कराने की पहल कर रहे हैं।

## भारतीय ज्ञान परंपरा का पूरा विश्व मानता है लोहा : प्रो.सारस्वत



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व विषय पर पंडित सुदंरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो.वीरेंद्र कुमार सारस्वत एवं ख्याति प्राप्त शिक्षाविद विजय मैराल के आतिथ्य एवं एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में 7 फरवरी को सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजित की गई।

कार्यशाला में पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि के कुलपति प्रो.सारस्वत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध रही है तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्धि का पूरा विश्व लोहा मानता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में हमारे मनीषियों के विज्ञान सहित अन्य सभी विषयों के शोध उपलब्ध हैं जिनके परिशीलन से हमारे जीवन में व्यापक बदलाव आ सकता है। शिक्षा नीति में भौतिक शिक्षा के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में नैतिक शिक्षा पर काफी बल दिया गया। नैतिक शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल करने पर ही इसे सक्षम एवं प्रभावकारी बनाया जा सकता है। शिक्षाविद विजय मैराल ने कहा कि भारत में विज्ञान की उज्ज्वल परंपरा रही है। कई बड़े-बड़े आविष्कार भारत में हुए परंतु महत्वपूर्ण आविष्कारों के पेटेंट विदेशियों द्वारा पंजीकृत करा लिए गए। आयुर्विज्ञान के कई महत्वपूर्ण आविष्कार चरक, सुश्रुत जैसे ख्याति प्राप्त आयुर्विज्ञान वैज्ञानिकों द्वारा किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश विज्ञान के दृष्टिकोण से किए जाने से शिक्षा में एक नवीन ऊर्जा का संचार होगा। यह ऊर्जा भारत देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में उन्नति करने में सहायक होगी। एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि पुरातन समय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार गुरूकुल पद्धति से शिक्षा अर्जित की जाती थी, गुरुकुल पद्धति से शिक्षा प्राप्त करने से छात्रों का केवल बौद्धिक ही नहीं अपितु शारीरिक एवं मानसिक विकास भी संभव था। अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने कहा कि गाय के गौमूत्र एव गोबर पर शोध के माध्यम से भारती ज्ञान परंपरा के समावेश से विज्ञान में शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। वंदे मातरम के गायन उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शताब्दी वर्ष के अवसर पर सशिमं में खंड स्तरीय युवा सम्मेलन



**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर युवा सम्मेलन का आयोजन खंड स्तर पर सरस्वती शिशु मंदिर बिश्रामपुर में संपन्न हुआ,बिश्रामपुर खंड अंतर्गत सभी ग्रामों के प्रतिभावान युवाओं एवं युवतियों का सम्मेलन किया गया,सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में ध्येयनिष्ठ कार्य,लक्ष्य जीवन की ओर अग्रसर करना, युवा में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करना,समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को संघ दर्शन करना,युवाओं में अपनी संस्कृति परंपरा का सम्मान और गर्व हो आयोजन का मुख्य उद्देश्य था,कार्यक्रम में वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी उपस्थित रहे,मुख्य अतिथि के रूप में युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिन्हा एवं सुश्री माधुरी देवांगन मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता ने कहा कि देश के विकास और सुरक्षा में युवाओं की अहम भूमिका है,युवाओं में सकारात्मक विचार समाज के भविष्य का निर्धारण करते हैं,युवाओं में संस्कार हो, युवा चरित्रवान हो इसके लिए घर परिवार और समाज की अहम भूमिका होती है,राष्ट्र की ऊर्जा युवा मन और युवा विचार होता है,युवाओं को अगर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी है तो पूर्णता नशे से दूर रहना पड़ेगा।जिज्ञासा समाधान में युवाओं के द्वारा अनेकों प्रश्न किए गए जिसमें मुख्य वक्ता के द्वारा सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए गए। सम्मेलन में प्रतिभावान युवाओं द्वारा भजन, गीत संगीत, नृत्य का आयोजन किया गया जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा,आयोजन में सह जिला संघचालक सत्यम गर्ग, धर्मजागरण प्रांत प्रशासनिक प्रमुख ठाकुर राजवाडे,निलेश नाविक,विजय शर्मा, खिलेन्द वैष्णव, सह खंड कार्यवाह योगेंद्र राजवाडे, रचना सिंह, शशि राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े,विवेक जायसवाल, अमित मित्तल,श्यामू साहू,देवा राजवाड़े, चंदन गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर राजमाता देवेन्द्र कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि




■ कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि के साथ ही प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

**अंबिकापुर।** राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की 6वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा रियासत के महाराज टीएस सिंहदेव भी उपस्थित थे। राजमाता स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव का निधन वर्ष 2020 में लंबी बीमारी के उपरांत हो गया था। उनका जन्म हिमाचल प्रदेश के जुब्बल राज परिवार में हुआ था।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं सरगुजा महाराज स्व. एमएस सिंह देव से विवाह के बाद वे सरगुजा आई थीं। सरगुजा में उन्होंने पूरा वक्त बिताया। यहीं से उन्होंने राजनीति की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव एक बार अंबिकापुर व एक बार बैकुंठपुर से विधायक भी रहीं। अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रकाशचंद्र सेठी व अर्जुन सिंह के मंत्री मंडल की वे मंत्री रहीं। उन्हें आवास, पर्यावरण, मध्यम सिंचाई, वित्त विभाग की जवाबदारी दी गई थी। महाराज स्व. एमएस सिंहदेव के शासकीय सेवा में होने के कारण उन्होंने सरगुजा जिले की सभी राजनैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को सम्भाल लिया था। सत्तर और अस्सी के दशक में एक महिला होने के बावजूद इस दौरान उन्होंने तत्कालीन सरगुजा जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर औपचारिक रूप से कांग्रेस के मजबूत संगठन की आधारशिला रखी थी। उनकी राजनैतिक स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि आज से 50-60 वर्ष पूर्व के राजनैतिक दौर में उन्होंने संगठन विस्तार के दौरान जिन राजनैतिक युवा तुर्कों को संवारा था वे आज सरगुजा में कांग्रेस के अगुआ हैं। राजीव भवन में श्रद्धांजलि उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड चौक पर पूर्व महाराज स्व. एमएस सिंहदेव एवं स्व. राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत माँ महामाया मंदिर में आयोजित भंडारे में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान डॉ. प्रेमसाय सिंह, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय तिर्की, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, सत्येन्द्र तिवारी, जगन्नाथ कुशवाहा, मधु दीक्षित, इरफान सिद्दीकी, मुनेश्वर राजवाडे, दुर्गेश गुप्ता, सीमा सोनी, हेमंत तिवारी, संजय विश्वकर्मा, एपी सांडिल्य, रसीद अहमद अंसारी, विजेन्द्र गुप्ता, लालचंद यादव, लक्ष्मी गुप्ता, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, लोकेश कुमार, गुरुप्रीत सिद्धू, जीवन यादव, रजनीश सिंह, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, मो. बाबर, मेराज रंगरेज, मिथुन सिंह, परवेज आलम गांधी, मंजू सिंह, संगीता मिंज, सावित्री ठाकुर, जिलानी खान, शकीला सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल निराला उरांव ने भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की है। संगठन द्वारा भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष जितेश्वर पाठक, अजीत सिंह, जय सिंह, सुनील तिवारी तथा रेमीलाल राजवाड़े, महामंत्री महेंद्र सिंह और अनिल तिवारी, मंत्री विक्की सोनी, मनोज यादव, दिवस दुबे, विष्णुलाल राजवाड़े और प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, कार्यालय मंत्री सतीश सिंह एवं सह कार्यालय मंत्री आदित्य राजवाड़े, मीडिया प्रभारी रूपेश गुप्ता एवं सह मीडिया प्रभारी महेश यादव को नियुक्त किया गया है। किसान मोर्चा महामाया मंडल का अध्यक्ष सत्यम सिंह, समलाया मण्डल दिलीप विश्वास, अम्बिकापुर ग्रामीण रामपहल राजवाड़े, लखनपुर अवधेश कुमार यादव, देवगढ़ खेलावन निषाद, रामगढ़ कैलाश सिंह, लुण्ड्रा अरविंद गुप्ता, धौरपुर बालीप्रसाद यादव, परसा समीर मण्डल, दरिमा कमलेश राजवाड़े, कुन्नी सत्यनारायण यादव, सीतापुर ओमप्रकाश गुप्ता, बतौली संजय यादव, राजपुर जागेश्वर अगरिया, मैनपाट कर्मातासी तथा विरेंद्र कुमार सिंह को नवागढ़ मण्डल को बनाया गया है। संगठन द्वारा कार्यसमिति सदस्य विशेष आमंत्रित सदस्यों एवं स्थाई आमंत्रित सदस्यों की भी सूची जारी की गई है।

### कलेक्टर ने रामभांठा के पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

रायगढ़। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानए रामभांठा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकान में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और मौके पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फिंगरप्रिंट सत्यापन और ई.पॉस मशीन में किसी भी तकनीकी समस्या की जांच की और इसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक ने क्वार्टर में लगाई फांसी, कारण अज्ञात



■ विभाग से तीन दिवस की छुट्टी लेकर अपने चोपड़ा कॉलोनी स्थित क्वार्टर में रहने आया था आरक्षक

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में पुलिस लाइन में पदस्थ 36 वर्षीय आरक्षक ने अपने क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,घटना से पुलिस महकमे सहित क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया है,आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है,हालांकि प्रारंभिक जांच में शराब की लत और आर्थिक तंगी की बात कही जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार चोपड़ा कॉलोनी,बिश्रामपुर स्थित बिलासपुरिया लाइन के क्वार्टर नंबर 788 में रहने वाले आरक्षक अंतोश खलखो (36 वर्ष),पिता स्वर्गीय नवल साय,बैच नंबर 842, जिला बल सूरजपुर में पदस्थ थे,वर्तमान में वे विगत दो माह से मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में शॉर्ट टाइम ड्यूटी पर तैनात थे। बताया गया कि आरक्षक अंतोश खलखो सोमवार को तीन दिनों का अवकाश लेकर अपने क्वार्टर पहुंचे थे। शाम को वे घर के बाजू स्थित ससुराल में भोजन करने के बाद अपने क्वार्टर लौट आए, सोमवार की रात करीब 10 बजे जब उनकी पत्नी आशा खेस ससुराल से वापस अपने घर लौटी,तो उसने सामने वाले कमरे में अपने पति को पंखे से लोहे तार के सहारे बने फंदे पर लटका हुआ देखा।घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तत्पश्चात लोगों ने तत्काल आरक्षक को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। मृतक आरक्षक अपने पीछे पत्नी और एक पांच वर्षीय बेटी को छोड़ गया है।

## फांसी लगाने से गंभीर महिला की मौत परिजन ने लगाया हत्या का आरोप



**अम्बिकापुर।** पति के साथ हुए विवाद के बाद महिला ने बाथरूम में फांसी लगा ली। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका ने हत्या कर फांसी का रूप देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लटोरी अंतर्गत ग्राम द्वारिकानगर बैगापारा निवासी फूल कुमारी चौधरी पति गिरधर चौधरी (37 वर्ष) फुदुरडिहारी में पति व बच्चों के साथ रहती थी। सोमवार को अज्ञात कारण से घर के बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पति ने पुलिस को बताया कि सोमवार को बड़े पुत्र रूद्र का जन्म दिन था और वह घूम कर दिन 12 बजे घर पहुंचा तो मां फूल कुमारी फटकार लगाते हुए कुकर उसके ऊपर फेंक कर बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। इधर मृतिका के पिता सीतापुर निवासी तीरथ राम चौधरी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी फूल कुमारी का विवाद गिरधर के बड़े भाई मणिकांत से किया था लेकिन गिरधर अपनी भाभी को भगाकर ले आया और दो साथ रहने लगे। दोनों से दो पुत्र है।

## 20 मार्च को मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**अंबिकापुर।** झूलेलाल जयंती को लेकर सिंधी समाज की बैठक आयोजित की गई। स्थानीय सिंधु भवन में आयोजित बैठक के दौरान सिंधी समाज, सिंधी महिला मंडल एवं समाज के वरिष्ठजन सहित युवाओं ने 20 मार्च को सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मदिन चेट्रीचंड्र महोत्सव 2026 के रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सिन्धी समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी एवं समाज के वरिष्ठजन के संरक्षण में सिंधी नवयुवक मंडल कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। मीडिया प्रभारी निशित बचानी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से नवयुवक मंडल का अध्यक्ष नितिन रेलवानी को चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष हरिश आहुजा एवं हरिश वाटवानी, सचिव शुभम राजपाल, कोषाध्यक्ष यष नागदेव एवं महासचिव विनय मंगलानी बनाए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष झूलेलाल जयंती उत्सव के कार्यक्रम 7 दिन चलेंगे। जिसमे सिंधी प्रिमियर लिग क्रिकेट मैच, आनन्द मेला, नव वर्ष के उपलक्ष्य पर घड़ी चौक में भव्य दीप प्रज्वलन, स्कूटर रैली, बच्चों की अनेक प्रतियोगीता, मेघावी छात्रों को प्रोत्साहित, शंकरघाट सफाई अभियान तथा 20 मार्च को सिन्धु भवन में विशाल लंगर का आयोजन कर उसी दिन शाम को भव्य शोभायात्रा एवं पवित्र ज्योती वीसर्जन होगा जिसमे धमाल बैंड और सिन्धी डांडिया मुख्या आकर्षक का केंद्र रहेंगे। बैठक मै समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी , सचिव संजय मनवानी सहित अन्य पदाधिकारी, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योती पोपटानी एवं सदस्य सम्मलीत हुये।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411